हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, गुरुवार 23 जुलाई 2026

12 हांसी के वार्ड-12 व 13 में सीवर ओवरफ्लो की समस्या



12 गंगवा में छात्राओं ने अपने अभिनय से छोड़ी छाप



## खबर संक्षेप

### ओशो ध्यान उपवन में ध्यान शिविर 26 को

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में एक दिवसीय ध्यान शिविर व गुरु पूर्णिमा उत्सव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि 26 जुलाई को ओशो के ध्यान सूत्र पर आधारित ध्यान शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वामी संजय ने बताया कि 29 जुलाई को गुरु की वंदना करते हुए धूमधाम से गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जाएगा। यह उत्सव सायं 6 बजे शुरू होगा और रात्रि 8 बजे तक जारी रहेगा। इस उत्सव में गुरु के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करके उनकी अनुकंपा के लिए आभार व्यक्त किया जाएगा। इसके साथ ही ध्यान, संगीत और सत्संग के माध्यम से आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति करवाई जाएगी।

### पंजाबी वेलफेयर सोसायटी का छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू

**हिसार।** पंजाबी वेलफेयर सोसायटी द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में एक और सराहनीय पहल करते हुए जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू किया गया है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में हिसार के बी.डी. मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का एक तथा गुरु नानक देव सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चार यानि कुल पांच विद्यार्थियों का चयन किया गया है। सोसायटी द्वारा चयनित विद्यार्थियों की वार्षिक ट्यूशन फीस छात्रवृत्ति के रूप में वहन की जाएगी। सोसायटी के प्रधान शम्मी नागपाल व महासचिव राकेश चोपड़ा ने बताया कि सोसायटी के आरके महता, विजय नागपाल, डॉ. तिलक आहुजा, डॉ. हरीश जुनेजा, प्रो. पीपी तनेजा, वीके अरोड़ा, डॉ. राजकुमार आहुजा ने इस कार्य में सहयोग दिया है।

## जंतर-मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज का मामला

# दिल्ली में राहुल जोड़ रहे कुनबा हिसार में कांग्रेस अलग-थलग!

- दो जिलाध्यक्षों ने अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर फिर करवाई जगहंसाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

कहते हैं राजनीति में 'एकता ही ताकत है', लेकिन हिसार कांग्रेस में यह कहावत बदलकर 'तू डाल-डाल, मैं पात-पात' हो चुकी है। जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए लाठीचार्ज का विरोध दिल्ली में तो राष्ट्रीय मुद्दा बन गया, मगर हिसार में कांग्रेसी दो दिन बाद भी एकजुट होकर एक ज्ञापन तक नहीं सौंप सके।

बुधवार को राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के मुद्दों पर भी शहरी और ग्रामीण कांग्रेस एक सुर में आवाज़ उठाने के बजाय अपनी-अपनी ढपली और अपना-अपना राग अलापती नज़र आई। दिल्ली में विपक्ष को एकजुट करने में जुट राहुल गांधी की कोशिशों को हिसार कांग्रेस ने तार-तार करने व पार्टी की जगहंसाई कराने में कोई कोर कसर छोड़ी। मामला बुधवार को उस वक्त गर्मा गया जब जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया की ओर से दोपहर सवा एक बजे लघु सचिवालय में शांतिपूर्वक धरना-प्रदर्शन कर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने की कॉल दी गई थी।



हिसार। ग्रामीण जिलाध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया के नेतृत्व में प्रदर्शन करते कांग्रेसी।



हिसार। शहरी जिलाध्यक्ष बजरंग गर्ग की अगुवाई में ज्ञापन देते कांग्रेसी।

### पिछले साल मंच पर ही भिड़ चुके दोनों प्रधान

गौरतलब है कि हिसार कांग्रेस में यह गुटबाजी नई नहीं है। पिछले वर्ष नवंबर माह में 'वोट चोर-गद्दी छोड़' कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस भवन में ही मंच पर दोनों अध्यक्षों के बीच तीखी बहस हो गई थी। उस वक्त मंच पर प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह खुद मौजूद थे। जिले की इस गुटबाजी की गूंज प्रदेश नेतृत्व तक पहुंची थी, लेकिन इसके बावजूद दोनों धड़ों के बीच जमी बर्फ पिघलने का नाम नहीं ले रही है।

### कार्यकर्ताओं में दिखी निराशा, विपक्षी दलों और जनता ने लिए चटकारे

जिलाध्यक्ष बृजलाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता लघु सचिवालय के बाहर धरना देने व ज्ञापन देने के लिए जुटाने भी शुरू नहीं हुए थे कि शहरी जिला अध्यक्ष बजरंग गर्ग अपने समर्थकों के साथ प्रशासनिक भवन परिसर में प्रवेश करते हुए अधिकारियों को ज्ञापन देकर चलते बने। बाद में ग्रामीण जिलाध्यक्ष बृजलाल के नेतृत्व में सचिवालय के बाहर धरना दिया और बाद में ज्ञापन भी सौंपा। एक ही मुद्दे पर दो-दो ज्ञापन सौंपे जाने से कार्यकर्ताओं में जहां निराशा दिखी, वहीं विपक्षी दलों और आम जनता ने इस पर जमकर चटकारे लिए। पिछले साल मंच पर आपस में भिड़ चुके दोनों जिलाध्यक्षों के इस रवैये से साफ है कि हिसार में कांग्रेस एकजुटता के बजाय क्रेडिट वार में उलझी हुई है।

### युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बंद हो: बृजलाल

जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से देशभर के छात्रों एवं युवाओं की न्यायोचित मांगों के समर्थन में, पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में लगातार हो रही अनियमितताओं तथा नई दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों और कांग्रेस नेताओं पर हुई दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में लघु सचिवालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया गया। धरने के उपरांत राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। धरने की अध्यक्षता कर रहे ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने बंद करे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, धर्मवीर गोयत, अनूप सिंह सरसाना, नरेश मलिक, वज़ीर सिंह पूनिया, गीता आहूजा, अरविंद शर्मा, सुरेश पंघाल, रणधीर सिंह बामल, आनंद जाखड़, एडवोकेट राजबीर सिंह मोर, विक्टर डेविड, हेमंत गुज्जर, सत्यवान नंबरदार, किसान नेता बलराज मलिक आदि उपस्थित रहे।

### लाठी-डंडे से विपक्ष और छात्रों की बात दबाने में लगी सरकार: गर्ग

कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देने पहुंचे शहरी कांग्रेस जिलाध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शांति प्रिया धरना प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज करने से देश की जनता में बड़ी भारी नाराजगी है। केंद्र सरकार लाठी-डंडे से विपक्ष व छात्रों की बात दबाने में लगी है। इस अवसर पर सीनियर एडवोकेट गोपी राम वर्मा, रतन बडगुज्जर, सोनू लंकेश, भारत सोनी, विकास ढांडा, रोहित दलाल, तेजवीर पूनिया, सत्येंद्र सहारा, पार्षद सत्यवान पानू, जेपी ज्याणी, वजीर पूनिया, अमर गुप्ता आदि मौजूद रहे।



## दिल्ली कूच से पहले ही कांग्रेस नेताओं को हांसी में किया डिटेन

**हांसी/नारनौंद।** नीट पेपर लीक के मुद्दे पर दिल्ली के जंतर-मंतर में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे कांग्रेस नेता एवं हांसी से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल मक्कड़ को बुधवार को हांसी पुलिस ने गीता चौक पर उनके समर्थकों सहित डिटेन कर लिया। पुलिस कार्रवाई के बाद उन्हें थाने ले जाया गया। वहीं पुलिस ने कांग्रेस नेता सुमन शर्मा को भी एहतियातन मंगलवार रात को उनके घर पर नजरबंद किया गया। बताया जा रहा है कि राहुल मक्कड़ अपने समर्थकों के साथ जंतर-मंतर पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना हो रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। इस अवसर पर राहुल मक्कड़ के साथ नलवा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अनिल मान, अन्नू पंडित सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। उधर, नारनौंद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के युवा अध्यक्ष प्रमोद कोहाड़ को दिल्ली रवाना होने से पहले नारनौंद पुलिस ने उनके आवास पर ही हाउस अरेस्ट कर दिया।

## छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में जेजेपी ने किया विरोध प्रदर्शन





**हिसार।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ हुए कथित अत्याचार और लाठीचार्ज के विरोध में जेजेपी की जिला हिसार के सभी सेल, युवा इकाई एवं इनसो छात्र विंग ने बुधवार को प्रदर्शन किया। जेजेपी हिसार जिला अध्यक्ष अनिल बालकिया के नेतृत्व में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के गेट नंबर-4 से लघु सचिवालय तक युवाओं और छात्रों ने पैदल मार्च निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने उपायुक्त के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देने की मांग की। इस मौके पर जेजेपी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र लितानी, डॉ अजीत, युवा जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा, इनसो प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिकेश ढांडा, अज्जू घनघस, रोहित बेरवाल, दीपक घनघस, नितेश जांगू, परमीत भ्यान, मास्टर ताराचंद, राजमल काजल, भारत सिंह बेनीवाल, रवि आहुजा, विपिन गोयल, गौरव सैनी, गुलाब सिंह खेदड़, ईश्वर लौरा, सत्यवान बिछपड़ी, कृष्ण गंगवा,एडवोकेट कलम सिंह, सहदेव सिहाग,पंकज मेहता, विजेंद्र धानक, सुमन श्योराण आदि उपस्थित थे।

## छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में 24 को धरना देगा हरियाणा पुलिस संगठन

**हिसार।** हरियाणा पुलिस संगठन की आम बैठक बुधवार को क्रांतिमान पार्क में प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र सिंह स्याहड़वा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों पर चर्चा की गई और जिला इकाई का आय-व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। संगठन के जिला उप प्रधान रामरूप शर्मा ने कहा कि जंतर मंतर पर पेपर लीक के विरोध में धरना दे रहे छात्रों पर दिल्ली पुलिस का लाठी चार्ज निंदनीय है। इसके विरोध में संगठन शुक्रवार 24 जुलाई को लघु सचिवालय हिसार में सुबह 11 बजे धरना देगा। बैठक को प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र सिंह स्याहड़वा, अशोक मलिक, रामतीर्थ, सुरेंद्र कुमार, रण सिंह, ओमप्रकाश, महाबीर सिंह, बलवान सिंह, जोरा सिंह और वेदप्रकाश शर्मा ने भी संबोधित किया।



## वकीलों ने दूसरे दिन भी दिया धरना

**हिसार।** जिला बार एसोसिएशन द्वारा जंतर-मंतर पर छात्रों एवं नागरिकों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में शुरू किया गया सांकेतिक धरना बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रधान एडवोकेट प्रदीप बाजिया और सचिव एडवोकेट समीर सिहाग ने कहा कि दिल्ली पुलिस की इस बर्बर कार्रवाई ने अंग्रेजी हुकूमत की तानाशाही की याद दिला दी है। उन्होंने मांग की कि 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर हुए लाठीचार्ज में घायल हुए छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों का तत्काल मेडिकल कराकर, उनके बयानों के आधार पर जिम्मेदार अधिकारियों और दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर उप प्रधान एडवोकेट राहुल सिंह, सहसचिव एडवोकेट साहिल मंडेरना, कोषाध्यक्ष एडवोकेट आशा बाल्यान, कलम सिंह, गंगा राम, डॉ. अर्जुन सिंह, फूल सिंह सांगवान, दलीप जाखड़, बंसीलाल गोदारा, ललित गोयत, संदीप बूरा, सुरेंद्र ढुल, भगीरथ लदोईया, अनिल जालन्धरा, शक्ति फोगाट, करणवीर सिंह, विक्रम मित्तल, सोमदत्त शर्मा, विकास पुनियां आदि मौजूद रहे ।

# पीएलए स्थित जन्नत बार में लगी आग फर्नीचर समेत सारा सामान जलकर राख

## दूसरी मंजिल पर सो रहे थे 5 कर्मी, बार बंद होने से ऊपर नहीं पहुंची आग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

शहर की पीएलए मार्केट स्थित जन्नत बार में अचानक आग लगने से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग पूरे बार में फैल गई। बार के अंदर रखी शराब की बोतलों के कारण आग और भड़क गई। आग की चपेट में आने से बार का फर्नीचर समेत अंदर रखा लगभग पूरा सामान जलकर खाक हो गया। जिस समय आग लगी, पांच कर्मचारी दूसरी मंजिल पर सो रहे थे। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की करीब तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कर्मचारियों ने करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। बार चारों ओर से बंद होने के कारण आग बाहर ज्यादा नहीं फैल सकी। बार की ऊपरी मंजिल पर कर्मचारी सो रहे थे, लेकिन आग वहां तक नहीं पहुंची।

### फायर ब्रिगेड ने 20 मिनट में पाया काबू

- अंदर रखा शराब का पूरा स्टॉक जला
- 10 मिनट में पहुंच गई थी फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां



यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता या आग ऊपरी मंजिल तक पहुंच जाती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। जन्नत बार के मालिक अमित ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। बुधवार सुबह बार से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना दी, जिसके बाद फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। अमित के अनुसार, आग में बार का पूरा फर्नीचर, एसी और अंदर रखा शराब का पूरा स्टॉक जलकर खाक हो गया। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है। लीडिंग फायरमैन सज्जन कुमार लांबा ने बताया कि सुबह उन्हें जन्नत बार में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम करीब 10 मिनट में मौके पर पहुंच गई और लगभग 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। सज्जन कुमार ने बताया कि बार बंद होने के कारण आग बाहर ज्यादा नहीं फैल सकी। हालांकि, यदि आग को हवा मिल जाती तो यह तेजी से फैल सकती थी और नुकसान कहीं अधिक होता। आग बार के अंदर ही फैलती रही। कर्मियों ने बार के शीशे तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आग पर काबू पाया।

## निगम ने अतिक्रमण हटा जब्त किया सामान

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। बुधवार को टीम ने लक्ष्मीबाई चौक से लेकर दिल्ली रोड फ्लाईओवर ब्रिज तक रोड से अतिक्रमण हटाकर अभियान की शुरूआत की। इसके बाद टीम ने जिन्दल चौक से लेकर आईटीआई चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके साथ मिली शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आईटीआई के साथ लगी रेहड़ियों को वहां से हटाया गया। इसके बाद टीम ने राजगुरु मार्केट में अतिक्रमण हटाने के दौरान एक रेहड़ी संचालक की रेहड़ी भी जब्त की। कटला रामलीला मैदान में पार्किंग के लिए लगाए गए पाइप हटाने के निर्देश दिए गए। अगर समय रहते नहीं हटाए गए तो नगर निगम उस पर कार्रवाई करते हुए हटाया गया। इसके अलावा नागौरी गेट से सिटी थाना रोड से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान टीम ने लगभग 7 दुकानदारों के सामान भी जब्त किए। इसके बाद टीम ने गुलाब सिंह चौक से लेकर पड़ाव चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

## चेन पुलिंग कर रुकवानी पड़ी ट्रेन बड़ा हादसा टला

# हांसी जंक्शन पर यात्रियों के उतरने से पहले चल पड़ी हरियाणा एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

हांसी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दिल्ली से वाया गुरुग्राम आ रही हरियाणा एक्सप्रेस यात्रियों के पूरी तरह उतरने से पहले ही चल पड़ी। ट्रेन के अचानक चलने से कई यात्री घबरा गए। कुछ यात्री ट्रेन के अंदर ही रह गए, जबकि कई लोग खिड़कियों से लटक गए। स्थिति को देखते हुए एक यात्री ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रुकवाई, जिसके बाद बाकी यात्री सुरक्षित नीचे उतर सके। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। मामले में एक यात्री ने स्टेशन मास्टर को लिखित शिकायत देकर मामले की जांच की मांग की है।

गांव डाटा निवासी बिल्लू ने अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ हरियाणा एक्सप्रेस से हांसी लौट रहे थे। ट्रेन करीब ढाई घंटे की देरी से रात लगभग एक बजे हांसी रेलवे स्टेशन पहुंची। उस समय प्लेटफॉर्म पर पहले से दो अन्य ट्रेनें खड़ी थीं, जिसके चलते हरियाणा एक्सप्रेस को प्लेटफॉर्म से पहले खाली ट्रैक पर रोक दिया गया।



हांसी। मामले की जांच को लेकर शिकायत लिखते बिल्लू डाटा।

### शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी

बिल्लू ने बताया कि उसके साथ ट्रेन में परिवार में बुजुर्ग महिलाएं भी थीं, जो इस घटना से बुरी तरह घबरा गईं। उन्होंने कहा कि गनीमत रही कि जिस समय यात्री ट्रैक पार कर रहे थे, उस दौरान दूसरी लाइन पर कोई ट्रेन नहीं आई। यदि उस समय दूसरी ट्रेन गुजरती या कोई यात्री चलती ट्रेन से गिर जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद बिल्लू ने स्टेशन मास्टर को लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में बुधवार को स्टेशन मास्टर से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि घटना के समय ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर फिलहाल विश्राम पर हैं। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। वहीं रेलवे अधिकारियों ने कहा कि यदि इस मामले की शिकायत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भी दर्ज कराई जाती है तो उसका भी संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### कई यात्री खिड़कियों पर लटके रह गए, कुछ का सामान ट्रेन में छूटा

बिल्लू के अनुसार प्लेटफॉर्म न होने के कारण अधिकांश यात्रियों को लगा कि अभी हांसी स्टेशन नहीं आया है। कुछ देर बाद ट्रेन को प्लेटफॉर्म तक लाया गया। जैसे ही यात्रियों को स्टेशन आने का पता चला, वे जल्दबाजी में ट्रेन से उतरकर खाली ट्रैक के रास्ते प्लेटफॉर्म की ओर जाने लगे। इसी दौरान ट्रेन अचानक चल पड़ी, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कई यात्री ट्रेन के अंदर ही रह गए, जबकि कुछ लोग खिड़कियों से लटके रह गए। कई यात्रियों का सामान भी ट्रेन में छूट गया, जिसे बाद में अंदर मौजूद यात्रियों ने खिड़कियों से ट्रैक पर फेंका। बिल्लू ने बताया कि उन्होंने दौड़कर लोको पायलट से ट्रेन रोकने का प्रयास किया। इसी बीच किसी यात्री ने चेन पुलिंग कर दी, जिसके बाद ट्रेन रुक गई और शेष यात्री सुरक्षित नीचे उतर सके।

**प्रोजेक्ट** गुजवि की प्रोफेसर को मिली 28 लाख की शोध परियोजना

# कम लागत में टाइप-2 डायबिटीज की असरदार दवा बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग की प्रो. अर्चना कपूर को एक प्रतिष्ठित शोध परियोजना हासिल हुई है। यह शोध 'ग्रीन केमिस्ट्री' और आधुनिक 'कम्प्यूटेशनल तकनीकों' को मिलाकर डायबिटीज के सुरक्षित, असरदार और किफायती इलाज की राह आसान करेगा। हरियाणा राज्य अनुसंधान कोष ने इस दो-वर्षीय शोध परियोजना के लिए 28 लाख रुपये की राशि मंजूर की है। इस प्रोजेक्ट का विषय 'सतत तरीके से एसजीएलटी-2 को टारगेट करने के लिए पाइरान-थियो हेटेरोसाइक्लिक फ्रेमवर्क' तय किया गया है।



### फार्मास्युटिकल क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित होगा शोध: प्रो. अर्चना

प्रो. अर्चना कपूर का यह शोध फार्मास्युटिकल क्षेत्र में क्रांतिकारी और अत्यंत उपयोगी साबित होगा। यह परियोजना हरियाणा में फार्मास्युटिकल रिसर्च को तो मजबूती देगी ही, साथ ही देश में डायबिटीज के मरीजों के लिए किफायती इलाज विकसित करने में मील का पत्थर बनेगी। यह अनुसंधान समाज और राष्ट्र निर्माण में विश्वविद्यालय का एक महत्वपूर्ण योगदान है।

### ये है प्रोजेक्ट का उद्देश्य

परियोजना के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रो. अर्चना कपूर ने कहा कि इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य टाइप-2 डायबिटीज मेलिटस के उपचार के लिए संभावित एसजीएलटी-2 इनहिबिटर के रूप में ग्रीन-सिंथेसाइज्ड पाइरान-युक्त डेरिवेटिव विकसित करना है। उन्होंने बताया कि इस तकनीक की सबसे खास बात यह है कि लैब में वास्तविक सिंथेसिस और जैविक मूल्यांकन से पहले ही सबसे सटीक ड्रग कैंडिडेट का चयन कर लिया जाएगा। इसके लिए वर्चुअल स्क्रीनिंग, मॉलिक्यूलर डॉकिंग, प्रेडिक्शन जैसी 'इन-सिलिको' तकनीकों का उपयोग होगा। इस प्रक्रिया से दवा खोज में लगने वाले समय और अत्यधिक खर्च में भारी कमी आएगी। उधर, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने प्रो. अर्चना कपूर और उनकी पूरी रिसर्च टीम को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## पेटवाड़ बीबीपुर एचटी लाइन का काम अधर में लटका

- मुआवजे को लेकर प्रशासन ने खोले रेट, किसानों ने किया बहिष्कार

**नारनौंद।** हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड द्वारा गांव पेटवाड़ से बीबीपुर तक बिछाई जा रही 220 केवी हाई टेंशन लाइन परियोजना का निर्माण कार्य अधर में लटकता नजर आ रहा है। खेतों में बड़े-बड़े पोल खड़े किए जाने के बावजूद अब तक कोई मुआवजा न मिलने से भड़के किसानों ने प्रशासन और बिजली निगम द्वारा तय की गई जमीन की दरों को सिरे से खारिज करते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया है। बुधवार को नारनौंद के एसडीएम कार्यालय में प्रशासन और बिजली निगम द्वारा सर्वेयर की रिपोर्ट के आधार पर रेट सार्वजनिक किए गए, जिसमें प्रशासन की तरफ से 66 से 68 लाख रुपये प्रति एकड़ और बिजली निगम की तरफ से 68 लाख से 82 लाख रुपये प्रति एकड़ तक के प्रस्ताव रखे गए थे। हालांकि, इन दरों से पूरी तरह असंतुष्ट होकर किसान तुरंत प्रभाव से बैठक से बाहर निकल आए। किसान नेता दशरथ मलिक, रोहतास, पूर्व सरपंच जयपाल, जसवंत, पवन दुहन, प्रदीप, संदीप और अनूप ने बताया कि किसानों द्वारा नियुक्त प्राइवेट सर्वेयर के अनुसार इलाके में जमीन का वास्तविक बाजार भाव 1 से 1.5 करोड़ रुपये प्रति एकड़ है। किसानों ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक उन्हें मार्केट रेट के हिसाब से उचित और पूरा मुआवजा नहीं दिया जाएगा, तब तक वे अपने खेतों में एचटी लाइन के तार नहीं खींचने देंगे।

# बरसाती नाले के निर्माण कार्य की जांच करने पहुंची सीएम फ्लाइंग, सैंपल लिए

## घटिया निर्माण सामग्री इस्तेमाल करने की शिकायत पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

शहर के नवदीप कॉलोनी क्षेत्र से गंगवा गांव तक हिसार-राजगढ़ रोड पर करोड़ों रुपये की लागत से बनाए जा रहे बरसाती पानी निकासी नाले के निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं और घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग के आरोपों पर सीएम फ्लाइंग की टीम ने बुधवार को मौके पर पहुंचकर जांच की। टीम द्वारा जांच के दौरान निर्माण कार्य में इस्तेमाल की जा रही सामग्री के सैंपल लिए गए हैं। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या निर्धारित मानकों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है। संयुक्त टीम में सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना, हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के एसडीओ भरत, जनस्वास्थ्य विभाग के जूनियर इंजीनियर धीरज, एएसआई सुरेंद्र, हेड कांस्टेबल जितेंद्र एवं विजय सहित संबंधित ठेकेदार कुलदीप भी मौजूद रहे।

### गुणवत्ता मानकों के अनुरूप होगी जांच



आजाद नगर और नवदीप कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में बरसाती पानी की निकासी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से नवदीप कॉलोनी से गंगवा गांव तक बरसाती नाले का निर्माण कराया जा रहा है। यह कार्य टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से संबंधित ठेकेदार को आवंटित किया गया है। इस परियोजना को लेकर आरोप लगाए गए हैं कि बरसाती पानी निकासी नाले में डाले जा रहे पाइपों के नीचे भराव एवं आधार निर्माण में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है तथा निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। यदि निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किया गया तो नाला समय से पहले क्षतिग्रस्त हो सकता है, जिससे सरकारी धन की बर्बादी के साथ-साथ आमजन को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। शिकायत मिलने के बाद सीएम फ्लाइंग की टीम संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ निर्माण स्थल पर पहुंची और कार्य की बारीकी से जांच की। अधिकारियों ने निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री का निरीक्षण किया तथा विभिन्न स्थानों से सैंपल लिए गए हैं, जिनकी जांच करवाई जाएगी। उसके बाद यह स्पष्ट हो सकेगा कि निर्माण सामग्री निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप है या नहीं।



हेल्थ क्वेस्ट
**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# हाई बीपी की वजह से जब महसूस हो सिरदर्द



**मेरी उम्र 43 वर्ष है। हाल ही में मुझे हाई बीपी की समस्या का पता चला। अकसर सिरदर्द और चक्कर महसूस होता है। कृपया बताएं मुझे कौन सी दवा और कैसी डाइट लेनी चाहिए?**

**-शेखर, बिलासपुर**

आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे एक हफ्ते तक बीपी मॉनिटर करेंगे। आपका बीपी कब बढ़ता है, किस समय ज्यादा होता है, इसका पता करेंगे। इसके बाद वह दवा डिसाइड करेंगे। बिना जांच के कोई भी बीपी की दवा खाना ठीक नहीं रहेगा। इसलिए डॉक्टर पूरा मॉनिटर करने के बाद ही दवा सजेस्ट करेंगे। उसे आपको रेग्युलर खाना होगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरी स्किन पर लाल-लाल दाने और रैशेज हो जाते हैं। इनमें ईचिंग होती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जितेश, जांजगीर चांपा**

आपने यह नहीं बताया कि ये दाने पानी वाले हैं या सूखे? क्योंकि दोनों तरह के दाने का कारण अलग-अलग होते हैं। फिलहाल आप इन दानों को नाखून से खुजलाएं नहीं और इन पर नारियल का तेल लगाएं। अगर ज्यादा परेशानी हो रही हो तो आप त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं। फिलहाल कोई भी एंटी एलर्जी दवा आप ना लें।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरे पैर की अंगुलियों के बीच फफोले पड़ जाते हैं। इससे चलने-फिरने में काफी दिक्कत होती है। कृपया बताएं कि इससे कैसे निजात पाया जाए?**

**-देवेंद्र, महासमुंद**

क्या आपके पैर बरसाती पानी में अधिक रहते हैं? क्योंकि कई बार इस पानी में गंदगी मिली होती है, जिससे पैरों में इंफेक्शन हो जाता है। अगर ऐसा है तो आप घर आकर पैरों को साबुन से धोएं और ठीक तरीके से पोंछें। अगर संभव हो तो डिसइंफेक्टेंट मिले पानी से धुलें और फिर उस के बाद सुखाकर नारियल तेल भी लगा सकते हैं। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ माह पहले किडनी में स्टोन का ऑप्रेशन हुआ था। कुछ दिनों से उसी स्थान पर दर्द हो रहा है। प्लीज बताएं अब मुझे क्या करना चाहिए?**

**-मुकेश, भोपाल**

आपको डॉक्टर से संपर्क कर एक अल्ट्रासाउंड कर लेना चाहिए। अगर आपका ऑप्रेशन हो चुका है तो स्टोन के दर्द की संभावना बहुत कम है। हो सकता है कि इंफेक्शन की वजह से यह समस्या आ रही हो, लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी करना ठीक नहीं है।

**मेरी उम्र 50 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मुझे सर्दी-खांसी की समस्या लगातार बनी हुई है। कफ-सिरप और दवाइयां भी कुछ खास असर नहीं कर रहीं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-कमलेश, जींद**

आप बता रहे हैं कि खांसी लंबे समय से आ रही है तो आपको डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए। वैसे भी 2 सप्ताह से अधिक खांसी होने पर टीबी की जांच जरूर करा लेनी चाहिए। मौजूदा मौसम में वायरल इंफेक्शन भी हो जाता है, जिससे खांसी आती है। लेकिन आप फिलहाल फ्रिज में रखी चीज और ठंडा पानी पीना बिल्कुल बंद कर दें। बाजार का पानी भी न पिएं। इसके बाद भी राहत नहीं मिलती तो जरूर डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरी अस्थमा की समस्या बढ़ जाती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्या करूं, जिससे इस बरसात के मौसम में स्वस्थ रह सकूं।**

**-रत्नेश्वर, जबलपुर**

आपको घर से निकलते समय मुंह और नाक पर मास्क लगा लेना चाहिए। साथ ही जब तेज हवा या आंधी चले तो कोशिश करें घर के अंदर रहें, क्योंकि अस्थमा रोगियों को धूल से दिक्कत हो जाती है। इस तरह बचाव करके ही आपको राहत मिलेगी। लेकिन ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो डॉक्टर से संपर्क कर आप इनहेलर या कोई दवा लिखवा सकते हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस

हर साल 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को हेपेटाइटिस के प्रति जागरूक करना, समय पर जांच कराने के लिए प्रेरित करना और इस बीमारी से होने वाली गंभीर जटिलताओं को रोकना है।

स्पेशलः वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे, 28 जुलाई

हेपेटाइटिस, लिवर यानी यकृत में होने वाला गंभीर वायरल संक्रमण है। अलग-अलग कारणों, लक्षणों और गंभीरता के स्तर पर इसके कई प्रकार होते हैं। इन सभी का प्रॉपर ट्रीटमेंट संभव है लेकिन इसके लिए समय रहते हेपेटाइटिस की पहचान होना जरूरी है। इसलिए यहां डिटेल में हेपेटाइटिस के कारणों, उसके लक्षणों और इससे बचने के उपायों के बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स बता रहे हैं।

# हेपेटाइटिस समय पर पहचान से पॉसिबल है प्रॉपर ट्रीटमेंट








## कैसे फैलता है हेपेटाइटिस

हेपेटाइटिस रोग और इसके होने के कारणों के बारे में रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर के कंसल्टेंट-गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, **डॉ. सचिन एच. जे.** बताते हैं कि हेपेटाइटिस एक वायरल संक्रमण है, जिसमें लिवर (यकृत) में सूजन आ जाती है। यह मुख्य रूप से हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई वायरस के कारण होता है। इनमें हेपेटाइटिस ए और ई आमतौर पर दूषित भोजन और पानी के सेवन से फैलते हैं, जबकि हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमित रक्त, असुरक्षित इंजेक्शन, संक्रमित सुई, असुरक्षित यौन संबंध तथा संक्रमित मां से नवजात शिशु में फैल सकते हैं। वहीं, हेपेटाइटिस डी केवल उन लोगों में होता है जो पहले से हेपेटाइटिस बी से संक्रमित होते हैं। संक्रमण के प्रकार के अनुसार बीमारी कुछ मामलों में कुछ सप्ताह में ठीक हो सकती है, जबकि कई मामलों में यह लंबे समय तक लिवर को नुकसान पहुंचाकर गंभीर रूप ले सकती है।

## लापरवाही हो सकती है खतरनाक

हेपेटाइटिस एक ऐसी बीमारी है, जिसमें लिवर में सूजन आ जाती है। यदि समय रहते इसका इलाज न कराया जाए तो यह लिवर सिरोसिस, लिवर फेलियर और लिवर कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है।

## नहीं दिखते स्पष्ट लक्षण

हेपेटाइटिस रोग होने पर सबसे बड़ी चुनौती यह है कि शुरुआती चरण में अकसर इसके कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। यही वजह है कि कई लोग वर्षों तक इस संक्रमण के साथ सामान्य जीवन जीते रहते हैं और उन्हें पता ही नहीं चलता कि उनका लिवर धीरे-धीरे प्रभावित हो रहा है। जब तक लक्षण सामने आते हैं, तब तक बीमारी कई बार गंभीर अवस्था में पहुंच चुकी होती है। इसलिए हेपेटाइटिस के सामान्य लक्षणों के बारे में सजग रहना बहुत जरूरी है।

## हेपेटाइटिस के प्रमुख लक्षण

हेपेटाइटिस के लक्षण अलग-अलग रोगियों में अलग तरह के हो सकते हैं। इसके प्रमुख लक्षणों में बिना कोई परिश्रम किए लगातार थकान महसूस होना, भूख कम लगना, मितली, उल्टी, लंबे समय तक हल्का बुखार बने रहना, पेट के दाईं ओर दर्द, आंखों और त्वचा का पीला पड़ना (पीलिया), गहरे रंग का पेशाब आना, हल्के रंग का मल तथा शरीर में कमजोरी शामिल हो सकती है। ऐसे किसी भी लक्षण के दिखाई देने पर बिना देरी किए डॉक्टर से परामर्श लेकर आवश्यक जांच करानी चाहिए। इसमें लापरवाही बरतना जान लेवा हो सकता है।

## टीकाकरण-इलाज से बचाव संभव

अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. संचयन रॉय**, हेपेटाइटिस से बचाव के लिए कुछ सरल लेकिन प्रभावी उपायों के बारे में बताते हैं। उनके अनुसार, 'हेपेटाइटिस बी का सुरक्षित और प्रभावी टीका उपलब्ध है, इसलिए नवजात शिशुओं से लेकर जोखिम वाले वयस्कों तक सभी को डॉक्टर की सलाह के अनुसार टीकाकरण कराना चाहिए। साफ और सुरक्षित पानी का ही सेवन करें, भोजन की स्वच्छता का ध्यान रखें, केवल नई और स्टेराइल सुई का इस्तेमाल करें। बिना जांचे हुए रक्त कभी ट्रांसफ्यूज न करवाएं। हमेशा सुरक्षित यौन संबंध अपनाएं। टैटू या पियर्सिंग हमेशा प्रमाणित केंद्रों पर ही कराएं। यानी जहां पर हाइजीन और सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति को हेपेटाइटिस बी या सी का खतरा है या परिवार में किसी को यह संक्रमण है, तो समय पर ब्लड टेस्ट कराना बेहद जरूरी है। आज हेपेटाइटिस बी को दवाओं से नियंत्रित किया जा सकता है और हेपेटाइटिस सी का आधुनिक एंटीवायरल दवाओं से अधिकांश मामलों में सफल इलाज संभव है। इसलिए समय पर जांच और उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।'



## सबसे जरूरी है जागरूकता

हेपेटाइटिस के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार जागरूकता, समय पर जांच, टीकाकरण और सही इलाज है। इस बीमारी की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि कई लोगों में लंबे समय तक कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते, जिससे संक्रमण का पता देर से चलता है। ऐसे में जोखिम वाले लोगों को नियमित जांच करानी चाहिए और लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

## इन उपायों से होगा बचाव

हेपेटाइटिस से बचाने के लिए आप अपने दैनिक जीवनचर्या में यहां बताई जा रही बातों को अमल में लाकर सुरक्षित रह सकते हैं।

- हमेशा स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली को अपनाएं।
- स्वच्छ, ताजे और पौष्टिक भोजन का सेवन करें। हमेशा स्वच्छ और संक्रमणमुक्त पानी ही पिएं। सबसे ज्यादा संक्रमण पानी से ही होता है इसलिए आरओ का पानी या फिल्टर किया हुआ पानी या फिर अच्छी तरह उबाले गए पानी को ही ठंडा कर पीना चाहिए।
- जब भी इंजेक्शन लगवाना हो तो केवल स्टेराइल सुई या डिस्पोजेबल नीडिल का ही का उपयोग करना चाहिए।
- संक्रमित रक्त से बचाव भी जरूरी है। इसलिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन से पहले जरूरी सावधानी बरतें। परीक्षित रक्त ही ट्रांसफ्यूज करवाएं।
- हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचना चाहिए क्योंकि इसका संक्रमण रोगी के संपर्क में आने से फैल सकता है।

ये सभी उपाय संक्रमण रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि हर व्यक्ति अपने लिवर के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे और समय रहते सही कदम उठाए, तो हेपेटाइटिस से होने वाली अधिकांश गंभीर जटिलताओं और मौतों को रोका जा सकता है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

सीजनल केयर
**निकिता चौहान**

# आयुर्वेदिक काढ़े से बढ़ेगी इम्यूनिटी

मानसून के दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव होता रहता है। इस कारण कुछ लोगों को जुकाम, खांसी, स्किन पर रैशेज, दाने, लूजमोशम, बुखार आदि समस्याएं होने लगती हैं। ऐसा उन लोगों के साथ ज्यादा होता है, जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी थोड़ी वीक होती है। इसलिए यहां आपको कुछ ऐसी जड़ी-बूटियों के बारे में बता रहे हैं, जिनका काढ़ा आप घर में ही आसानी से बनाकर पी सकते हैं, इससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत होगी।

**गिलोयः** गिलोय की तासीर एंटी-पायरेटिक होती है, जो शरीर की गर्मी को खत्म करती है और कई बीमारियों से राहत दिलाता है जैसे डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार आदि में गिलोय का काढ़ा राहत प्रदान करता है।



**अश्वगंधाः** अश्वगंधा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो मानसून में होने वाले वायरल इंफेक्शन से लड़ने में मदद करते हैं।

**चिरायताः** बारिश के मौसम में पेट का संक्रमण बढ़ जाता है। जिस कारण एसिडिटी और लूज मोशन होने लगते हैं। चिरायता में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं, जो हमारे पेट के संक्रमण को कम करने में मदद करते हैं।

**मुलेठीः** मानसून में उमस के करण शरीर पर चिपचिपाहट बढ़ जाती है, जिस वजह से रैशेज और खुजली होती है। मुलेठी में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। यह इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है।

**सोंठः** बारिश के मौसम में पेट खराब होने के साथ, जुकाम, खांसी और बुखार आदि के मामले बढ़ जाते हैं। सोंठ में एंटीवायरल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। इसका काढ़ा पीने से मानसून में होने वाली बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है।

**मोथा घासः** मोथा घास को आयुर्वेद में बेहद लाभकारी माना गया है। यह मानसून सीजन में होने वाली खांसी, जुकाम, बुखार और स्किन से जुड़ी समस्यायों से राहत प्रदान करता है।

**आमलकीः** आमलकी में विटामिन-सी खूब पाया जाता हैं, जो मानसून में होने वाली बीमारियों से बचाव करता है।

**बनाने का तरीकाः** यहां बताई गई सभी जड़ी-बूटियों को 30-30 ग्राम लें। सिर्फ सोंठ को 20 ग्राम ही लें। सभी को रात में पानी में भिगोकर रख दें। इसके बाद सुबह सभी जड़ी बूटियों को पानी में डालकर तेज आंच पर गर्म कर लें। अब काढ़ा तैयार है। फिर इसको हल्का ठंडा होने के बाद आधा गिलास सुबह और आधा गिलास शाम को पिएं। यह काढ़ा इस मौसम में रोगों से बचाव में बहुत उपयोगी है। लेकिन बेहतर होगा कि अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ही इस काढ़े का सेवन करें। *

**(आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ. श्रेय शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

डिजीज
**अंशु सिंह**

सीआरपीएस एक असामान्य लेकिन बहुत पीड़ादायक समस्या है। यह वास्तव में नर्व्स से जुड़ी समस्या है। ऐसे में इसके लक्षणों को पहचानकर सही उपचार से ही रोगी को राहत मिल सकती है। इस बारे में विस्तार से जानिए।

# सीआरपीएस यह दर्द सहा न जाए

कहते हैं कि ज्यादातर दर्द कोई न कोई संदेश देता है। यह आपके शरीर की चोट के बारे में बताता है, आराम करने के लिए प्रेरित करता है। चोट ठीक होने पर धीरे-धीरे कम हो जाता है। लेकिन कुछ लोगों में दर्द लंबे समय तक बना रहता है। कई बार तेज हो जाता है। मूल चोट के ठीक हो जाने के काफी समय बाद अपनी ही एक अलग स्थिति बना लेता है। इसे ही 'कॉम्प्लेक्स रीजनल पेन सिंड्रोम' या सीआरपीएस कहते हैं, जो व्यक्ति की चाल-ढाल, संवेदना, त्वचा और जीवन की गुणवत्ता को बुरी तरह प्रभावित करती है। हाल ही में अभिनेत्री अर्चना पूरन सिंह के बेटे आयुष्मान सेठी ने इंस्टाग्राम रील में मां की हिम्मत की तारीफ की कि कैसे साल 2025 में कलाई में चोट लगने के बाद उन्हें सीआरपीएस हो गया था। फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' के सेट पर चोट लगने के बाद हुई इस बीमारी ने अर्चना के हाथ पर स्थाई असर डाला।

**क्या है सीआरपीएसः** नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ के अध्ययन के अनुसार, सीआरपीएस एक लंबे समय तक रहने वाली न्यूरोपैथिक दर्द की बीमारी है, जिसमें चोट लगने के बाद होने वाले सामान्य दर्द की तुलना में दर्द बहुत ज्यादा रहता है। वह लंबे समय तक बना रहता है। यह दर्द को आमतौर पर जलन, चुभन या धड़कन जैसा होता है। कलाई टूटने, सर्जरी के दौरान लगे कट या मामूली मोच जैसी चीजों से शुरू होने वाली यह समस्या आगे चलकर पूरे शरीर में होने वाले गंभीर दर्द में बदल सकती है। यह दो प्रकार के होते हैं। टाइप 1, बिना किसी नर्व इंजरी के होता है जबकि टाइप 2, नर्व डैमेज की पुष्टि होने के बाद होता है।



**समस्या का मूल कारणः** सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट **डॉ. विशाल** के अनुसार, सीआरपीएस एक गंभीर न्यूरोलॉजिकल दर्द की स्थिति है, जिसमें किसी एक अंग, हाथ या पैर, चोट, फ्रैक्चर, सर्जरी या यहां तक कि मामूली आघात के बाद लॉन्ग पीरियड फंक्शनल और सेंसरी परिवर्तन विकसित करता है। यह कहीं से हड्डियों या मांसपेशियों को होने वाली क्षति की वजह से नहीं, बल्कि दर्द संकेतों की सही व्याख्या करने में तंत्रिका तंत्र की विफलता के कारण होता है। इस स्थिति में, मूल चोट ठीक होने के बाद भी मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी दर्द संदेश प्रसारित करना जारी रखते हैं। इससे लंबे समय तक दर्द, कठोरता, सूजन और गति में विकृति आती है। मोटर और ऑटोनॉमिक गड़बड़ियां होने से त्वचा का रंग बदलना, तापमान में बदलाव, सूजन, पसीना आना, अकड़न, कमजोरी और संवेदना में बदलाव आम है।

**सीआरपीएस के लक्षणः** जलन या चीरने जैसा दर्द, जो लगातार या रुक-रुक कर होता है। ऐसी चीजों से दर्द होना, जिनसे आमतौर पर दर्द नहीं होना चाहिए, जैसे हल्का छूना, हल्की हवा या तापमान में बदलाव। ऐसी चीजों पर बहुत ज्यादा दर्द महसूस होना, जिनसे आमतौर पर सिर्फ हल्की तकलीफ होती है, जैसे सुई चुभना। प्रभावित अंग पर धब्बे दिख सकते हैं। वह लाल, नीला, पीला या बैंगनी हो सकते हैं। प्रभावित हिस्से में सूजन (एडिमा) आ-जा सकती है या बनी रह सकती है। त्वचा चमकदार और पतली हो सकती है या उस पर बहुत ज्यादा पसीना आ सकता है। प्रभावित अंग को हिलाने की क्षमता कम होना, अकड़न बढ़ना, कंपन या मांसपेशियों में ऐंठन होना।

**क्या है समाधानः** जहां तक सीआरपीएस के उपचार का सवाल है, तो इसमें दर्द कम करने और शरीर की हलचल बनाए रखने पर ध्यान दिया जाता है। इसके लिए फिजियोथेरेपी, नसों के दर्द की दवाएं और कुछ खास मामलों में दर्द कम करने वाले इंटरवेंशनल प्रोसीजर का इस्तेमाल किया जाता है। डॉ. विशाल का कहना है कि मेंटल सपोर्ट भी उतना ही जरूरी है, क्योंकि लंबे समय तक रहने वाला दर्द मानसिक रूप से बहुत परेशान करता है। हालांकि सीआरपीएस जानलेवा नहीं है, लेकिन यह जिंदगी अवश्य बदल सकता है। इसलिए बीमारी की गंभीरता के बारे में जानकारी होना जरूरी है, ताकि मरीज समय पर इलाज करवा सके। उसे कभी भी नजरअंदाज न करें। *

अवेयरनेस
**डॉ. एम. वली**
सीनियर फिजिशियन
सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली

गर्मी में हीट स्ट्रोक हो या बरसात में संक्रमण से दस्त-उल्टी का प्रकोप या किसी बीमारी के कारण डिहाइड्रेशन, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सोल्यूशन) पीना लाभकारी है। **वर्ल्ड ओआरएस डे (29 जुलाई)** पर जानिए इसकी उपयोगिताओं के बारे में।

# डिहाइड्रेशन से बचाने में सक्षम जीवनरक्षक ओआरएस

शरीर में पानी और आवश्यक लवणों (इलेक्ट्रोलाइट्स) की कमी पूरी करने वाला विशेष घोल है ओआरएस। डिहाइड्रेशन से बचाने वाला एक वैज्ञानिक, सुरक्षित और जीवनरक्षक उपाय है। सही समय पर, सही मात्रा में और सही तरीके से दिया गया ओआरएस गंभीर जटिलताओं और मृत्यु का जोखिम काफी हद तक कम कर सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, ओआरएस चिकित्सा विज्ञान की सबसे प्रभावी और कम लागत वाली खोजों में से एक है, जिसने पिछले पांच दशकों में लाखों लोगों विशेषकर बच्चों की जान बचाई है।

**क्या है ओआरएसः** ओआरएस पानी, ग्लूकोज (शर्करा), सोडियम, पोटेशियम और क्लोराइड जैसे आवश्यक खनिज लवणों का वैज्ञानिक अनुपात में तैयार किया गया घोल है। जब शरीर से अधिक मात्रा में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स निकल जाते हैं, तब यह घोल उनकी कमी को पूरा करने में मदद करता है।

**क्या हैं फायदेः** शरीर में पानी की कमी तेजी से पूरी करता है। इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखता है। डिहाइड्रेशन से होने वाली गंभीर जटिलताओं का जोखिम घटाता है। बच्चों में अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता कम कर सकता है। कम लागत में प्रभावी उपचार उपलब्ध कराता है।

**किसके लिए है उपयोगीः** ओआरएस इन परिस्थितियों या बीमारी में हर आयुवर्ग के लोगों को दिया जा सकता है। डायरिया, बार-बार उल्टी होने, हैजा, रोटावायरस, नोरोवायरस संक्रमण के कारण वायरल गैस्ट्रोएंटेराइटिस होने पर, बहुत ज्यादा गर्मी या लू लगने के दौरान शरीर से बड़ी मात्रा में पानी और लवण निकल जाते हैं। या फिर डेंगू या अन्य बुखार में समुचित मात्रा में न पिए जाने पर व्यक्ति के शरीर में पानी की कमी होने की स्थिति में ओआरएस देना उपयोगी है।




**कैसे बनाएंः** आजकल बाजार में 5 ग्राम, 10 ग्राम, 21 ग्राम, 50 ग्राम और 75 ग्राम जैसे विभिन्न आकार के ओआरएस पैकेट उपलब्ध हैं। केवल पैकेट का आकार देखकर पानी की मात्रा तय नहीं करें। साफ या उबले और ठंडे किए गए पानी में ही घोलें। पूरे पैकेट को एक साथ निर्धारित मात्रा के पानी में ही घोलें। यदि आधा पैकेट इस्तेमाल करना हो, तो बिना माप के ऐसा न करें, क्योंकि नमक और ग्लूकोज का अनुपात बिगड़ सकता है। घोल तैयार होने के बाद उसे 24 घंटे के भीतर उपयोग कर लें। 24 घंटे बाद बचा हुआ घोल फेंक दें और नया घोल बनाएं।



**घर में करें तैयारः** यदि बाजार का ओआरएस उपलब्ध न हो, तो घर में भी आसानी से बनाया जा सकता है। 1 लीटर साफ पानी, 6 समतल छोटी चम्मच चीनी और आधी छोटी चम्मच नमक को अच्छी तरह मिलाकर तुरंत उपयोग करें।

**रहें सतर्कः** ओआरएस पीने से पहले हमेशा पैकेट पर लिखे गए निर्देशों का पालन करें। विशेषकर पैकेट पर लिखी पानी की मात्रा का जरूर ध्यान रखें। कम पानी मिलाने से घोल में नमक और शर्करा की मात्रा अधिक हो जाती है, जिससे शरीर में सोडियम का स्तर बढ़ सकता है। वहीं अधिक पानी मिलाने से घोल बहुत पतला हो जाता है और शरीर को आवश्यक इलेक्ट्रोलाइट पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाते।

**इन बातों का रखें ध्यानः** डब्ल्यूएचओ या एफएसएसएआई मानक वाला पैकेटबंद ओआरएस ही बेहतर विकल्प है। संतरा, नीबू या अन्य फ्लेवर वाले ओआरएस, इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक, स्पोर्ट्स ड्रिंक या एनर्जी ड्रिंक नाम से उपलब्ध पेय यथासंभव अवॉयड करें। इनमें अकसर चीनी और इलेक्ट्रोलाइट्स का अनुपात नियत मात्रा से अधिक होता है, जिससे ये शरीर के लिए लाभकारी नहीं होते हैं। दस्त होने पर हर दस्त के बाद थोड़ी-थोड़ी मात्रा में ओआरएस दें। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

## खबर संक्षेप

### भाविप श्री श्याम शाखा ने किया पौधरोपण

**हिसार।** भारत विकास परिषद् श्री श्याम शाखा की ओर से गांव पाबड़ा स्थित मां चंडिका देवी मंदिर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बरवाला थाना प्रभारी कर्मजीत ढुल, मंदिर समिति के प्रधान जगदीश तायल, गांव के सरपंच दर्शन सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर पौधे लगाए। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष संजय मित्तल, गजानंद, मनोज कुमार, कीर्ति रत्न शर्मा, सरपंच दर्शन सिंह, नंबरदार दलबीर सिंह, कुलदीप सिंह कुंडु, भारत सिंह वर्मा, सीताराम गोयल, दयानंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### बाड़ो पट्टी में दूसरे दिन भी कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**बरवाला।** एसडीओ बाड़ो पट्टी के खिलाफ लगातार दूसरे दिन एचएसईबी वर्कर यूनियन हैड ऑफिस भिवानी का बिजली घर बाडो पट्टी के प्रांगण में विरोध प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शन में कर्मचारियों ने एसडीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसकी अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान सुनील सोथा ने की और मंच संचालन सचिव दीपक भारद्वाज ने किया। यूनियन पदाधिकारियों ने एसडीओ पर ड्यूटी में कर्मचारियों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया।

### नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर का उठाया लाभ

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में रोटरी सुपर वुमन चैंपियंस क्लब के सहयोग से आंखों के सफेद मोतियाबिंद का फ्री ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने जरूरतमंद बुजुर्गों की आंखों के ऑपरेशन निशुल्क किए। इतना ही नहीं यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गई।

### राहुल गांधी पर पुलिस की कार्रवाई लोकतंत्र की हत्या

**हिसार।** कांग्रेसी नेता वजीर सिंह पूनिया ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व कांग्रेस सांसदों के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा की गई कथित कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र, संविधान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया है। वजीर सिंह पूनिया ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका सत्ता से सवाल पूछने और जनता की आवाज़ को संसद से लेकर सड़क तक मजबूती से उठाने की होती है।

### 16 बोतल अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** आदमपुर पुलिस ने सदलपुर गांव से एक व्यक्ति को 16 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। आदमपुर थाना प्रभारी सब-इंस्पेक्टर हरीश कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही राकेश कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त एवं अपराध रोकथाम के उद्देश्य से मौजूद थे। इसी दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर गांव सदलपुर क्षेत्र में एक व्यक्ति को 16 बोतल शराब सहित काबू किया गया। आरोपी की पहचान रामकुमार के रूप में की है।

### 21 बोतल अवैध देसी शराब सहित आरोपी काबू

**हिसार।** सीआईए बरवाला टीम ने एक आरोपी को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए बरवाला प्रभारी पीएसआई प्रदीप ने बताया की उनकी टीम के मुख्य सिपाही सुरेन्द्र कुमार अपनी पुलिस टीम ने क्षेत्र में मौजूद थे। मुख्य सिपाही ने सूचना के आधार पर गांव खरक पूनिया में कार्रवाई के दौरान संजय को काबू कर उसके कब्जे से 21 बोतल अवैध शराब बरामद की। उस पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### अपहरण कर हत्या मामले का 10वां आरोपी पकड़ा

**हिसार।** आदमपुर पुलिस ने अपहरण कर हत्या के मामले में कार्रवाई करते हुए 10वें आरोपी इंदिरा कॉलोनी मंडी आदमपुर के सुमित को गिरफ्तार कर लिया है। निरीक्षक उमेद सिंह ने बताया कि थाना आदमपुर में दर्ज इस मामले में अब तक 9 आरोपियों को पहले से गिरफ्तार किया जा चुका था। मामले की गहन जांच एवं लगातार दबिश के दौरान पुलिस ने 10वें आरोपी सुमित को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन, 8 चिकित्सकों पर कार्रवाई वापस लेने की मांग

# अनुशासनात्मक कार्रवाई के विरोध में चिकित्सकों ने की दो घंटे की हड़ताल

- हड़ताल के कारण नागरिक अस्पताल की ओपीडी सेवाएं प्रभावित मरीजों को हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार । काली पट्टियां बांधकर प्रदर्शन करते चिकित्सक। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर जिले के सरकारी चिकित्सकों ने बुधवार को दो घंटे की पेनडाउन हड़ताल कर आठ चिकित्सकों के खिलाफ की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई का विरोध जताया।

सुबह 9 से 11 बजे तक चली हड़ताल के कारण नागरिक अस्पताल की ओपीडी सेवाएं प्रभावित रहीं और मरीजों को इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। हड़ताल के दौरान चिकित्सकों ने काले बिल्ले बांधकर सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और सरकार से अनुशासनात्मक कार्रवाई तत्काल वापस लेने की मांग की। उनका कहना था कि जब तक आदेश वापस नहीं लिए जाते, तब तक सभी चिकित्सक काले बिल्ले लगाकर अपनी सेवाएं देते रहेंगे।

#### अनुशासनात्मक कार्रवाई से टूटेगा मनोबल : प्रधान

एसोसिएशन के जिला प्रधान डॉ. मुनीष पूनिया के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में चिकित्सकों ने कहा कि जिन आठ चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, वे लंबे समय से पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक-एक चिकित्सक को दो-दो जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, इसके बावजूद वे पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें प्रोत्साहित करने के बजाय अनुशासनात्मक कार्रवाई करना उनके मनोबल को तोड़ने जैसा है। चिकित्सकों का कहना था कि यदि कहीं व्यवस्थागत कमियां हैं तो उनका ठीकरा डॉक्टरों पर फोड़ना उचित नहीं है। प्रदर्शन में डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई, डॉ. अजीत लाठर, डॉ. प्रभुदयाल, डॉ. सुनील, डॉ. प्रशांत सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक मौजूद रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को आगे भी जारी रखा जाएगा।

#### मरीजों को करना पड़ा इंतजार

पेनडाउन हड़ताल का सबसे अधिक असर मरीजों पर देखने को मिला। सुबह अस्पताल पहुंचे मरीजों को उमस और गर्मी के बीच ओपीडी खुलने का इंतजार करना पड़ा। कई मरीजों को चिकित्सकों से परामर्श के लिए दोपहर तक रुकना पड़ा, जबकि जांच रिपोर्ट लेने आए लोगों को भी देरी का सामना करना पड़ा। कई मरीजों को रिपोर्ट नहीं मिलने के कारण अगले दिन फिर अस्पताल आने की स्थिति बनी।

## सरकारी स्कूल में पौधरोपण कर देखभाल का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद



नारनौंद । गांव बास के सरकारी स्कूल में पौधरोपण करते चेयरमैन शमशेर मोर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बास में बुधवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बास मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर ने पौधरोपण कर किया। उन्होंने पौधरोपण करते हुए संकल्प लिया कि वह इसकी देखभाल भी करेंगे।

इस अवसर पर चेयरमैन शमशेर मोर ने विद्यालय को पौधे एवं ट्री गार्ड भेंट किए तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया।

विद्यालय के प्राचार्य नरेश यादव ने कहा कि चेयरमैन के सहयोग से विद्यालय परिसर और अधिक हरित एवं सुंदर बनेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह, रजनीश धनकड़ , महेश बड़ाला, मनदीप, राकेश आदि मौजूद थे।

### कल होगा गुरु पूजा महोत्सव, तैयारियां पूरी

**उकलाना।** अखिल भारतीय सोहम महामंडल शाखा उकलाना द्वारा 24 जुलाई को अग्रवाल सेवा सदन में आयोजित होने वाले गुरु पूजा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि गुरु पूजा कार्यक्रम के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत, गुरु पूजन, प्रसाद वितरण, भंडारा, पार्किंग, पेयजल, साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग टीमें बनाई जाएंगी। बैठक में प्रधान निरंजन दहमानिया, देवेंद्र कालड़ा, बजरंग मित्तल, वासुदेव शर्मा, जगदीश असीजा, रामनिवास जैन, सतीश गर्ग, शेखर शर्मा, रामविलास गोयल, हनुमान गोयल, नरेंद्र गर्ग, निरंजन, सतपाल आदि मौजूद थे।

## युवाओं को इनोवेशन के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के बताए गुर

- ओएसजीयू में बिजनेस स्टार्टअप व एंटरप्रेन्योरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम के द्वितीय सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार । कार्यक्रम मे उपस्थित विशेषज्ञ एवं युवा। फोटो : हरिभूमि

युवा प्रतिभाओं में इनोवेशन और उद्यमशीलता को नई उड़ान देने के लिए ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय, ओम वेलफेयर सोसाइटी एवं बिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में दूसरी बार विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। बिजनेस स्टार्टअप एंड एंटरप्रेन्योरशिप विषय पर केंद्रित यह कार्यक्रम 26 जुलाई तक चलेगा और इस बार 29 युवाओं ने भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य युवा इनोवेटर्स, नए विचारकों और उभरते हुए उद्यमियों को एक मजबूत मंच प्रदान कर उन्हें व्यावहारिक ज्ञान और मार्गदर्शन देना है। युवाओं को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल व प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने कहा कि आज का दौर केवल रोजगार की तलाश तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इनोवेशन और आत्मनिर्भरता का युग है। हमारा विज़न युवाओं को सिर्फ 'जॉब सीकर' बनाना नहीं, बल्कि ऐसा 'जॉब क्रिएटर' तैयार करना है जो देश के आर्थिक विकास में योगदान दे सकें। कार्यक्रम के दौरान ग्रुप सीओओ एंड प्रोवोस्ट डॉ. अजय कुमार पोद्दार एवं कुलपति डॉ. एन. पी. कौशिक ने प्रेरित करते हुए कहा कि सही समय पर मिला सही मार्गदर्शन ही किसी स्टार्टअप की सफलता का मूलमंत्र होता है।

## छाजू राम लॉ कॉलेज में एनआरआई विवाह पर किया जागरूक

- राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया किशोर रहाटकर के मार्गदर्शन में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार । अतिथियों को स्मृति–चिह्न देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया किशोर रहाटकर के मार्गदर्शन में छाजू राम लॉ कॉलेज में भारत में एनआरआई विवाह, क्या करें, क्या न करें तथा हरियाणा के संदर्भ में आगे की राह विषय पर एक दिवसीय राज्यस्तरीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय महिला आयोग, डॉ. भीमराव अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (सोनीपत) और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव अशोक कुमार के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जाट एजुकेशन सोसायटी के प्रशासक डॉ. अश्वीर सिंह नैन द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

#### सशक्त समाज के लिए विधिक चेतना आवश्यक

इससे पूर्व कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार काजल ने स्वागत भाषण में कहा कि हरियाणा के परिप्रेक्ष्य में एनआरआई विवाहों से जुड़ी कानूनी जानकारी युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। कार्यक्रम के अंत में जाट एजुकेशन सोसायटी के प्रशासक डॉ. अशवीर सिंह नैन ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और विद्यार्थियों का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे आयोजन समाज में कानूनी जागरूकता की नई मशाल जलाएंगे। समापन अवसर पर सभी अतिथियों को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

#### धोखे से बचने के लिए समय पर विधिक सलाह लेना जरूरी

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करते हुए डॉ. बी.आर. अंबेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सोनीपत के कुलपति प्रो. (डॉ.) देवेंद्र सिंह ने कहा कि एनआरआई विवाह से जुड़े मामलों में धोखे से बचने के लिए समय पर विधिक परामर्श और कानूनी जागरूकता बेहद जरूरी है। महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा और उन्हें सुलभ न्याय दिलाने के लिए शिक्षण संस्थानों, महिला आयोग और विधिक संस्थाओं को एक मंच पर आकर काम करना होगा। विश्वविद्यालय के 'क्लीनिकल विधि शिक्षा एवं सामुदायिक न्याय केंद्र' के निदेशक डॉ. मुकेश कुमार और प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. बलविंदर कौर ने एनआरआई विवाहों के कानूनी पहलुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला

## राष्ट्रीय ध्वज दिवस पर विद्यार्थियों ने दिया तिरंगे के सम्मान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे ।

राष्ट्रीय ध्वज दिवस के अवसर पर एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में बुधवार को देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को समर्पित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने जोश के साथ कार्यक्रमों में भाग लेते हुए तिरंगे के सम्मान का संदेश दिया।

विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दीं तथा विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा जैसे प्रेरणादायक गीतों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास, महत्व, सम्मान से जुड़े नियमों तथा उसके सही उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया और विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। संचालन प्राइमरी विंग की कोऑर्डिनेटर कुमारी शिवानी श्रीवास्तव, डांस अध्यापक रजत तथा सिमरन के मार्गदर्शन में किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋतु सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज केवल एक कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि देश की अस्मिता, गौरव और बलिदान का प्रतीक है।

## 15 अगस्त तक भूमि इंतकाल के लंबित मामलों का 50 फीसदी निपटान सुनिश्चित करें अधिकारी : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। राजस्व विभाग के अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित करते डीसी राहुल नरवाल । फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त राहुल नरवाल ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि इंतकाल, लैंड पार्टीशन तथा पेपरलेस रजिस्ट्री से संबंधित सभी मामलों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निपटान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजस्व सेवाओं में अनावश्यक देरी आम नागरिकों की परेशानी का कारण बनती है, इसलिए लंबित मामलों के समाधान में किसी भी प्रकार की ढिलाई अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उपायुक्त राहुल नरवाल बुधवार को जिला सचिवालय परिसर के सभागार में राजस्व विभाग के अधिकारियों की भूमि इंतकाल, लैंड पार्टीशन, निशानदेही तथा पेपरलेस रजिस्ट्री आदि से संबंधित मामलों समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में एसडीएम राजेश खोथ, तहसीलदार अनिल कुमार बिढ़ान, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को किसान आईडी बनाने के अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के शत-प्रतिशत किसानों की भूमि आईडी तैयार करना सरकार की प्राथमिकता है।

#### काम में तेजी लाने के निर्देश

उपायुक्त ने पेपरलेस रजिस्ट्री व्यवस्था की प्रगति की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्य में और अधिक तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री से संबंधित कोई भी मामला पांच दिनों से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए। सभी मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण कर नागरिकों को त्वरित एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

### आयुष्मान भारत को लेकर 15 सितंबर तक अभियान

**हांसी ।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री चिरायु योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के चिरायु कार्ड बनवाने के उद्देश्य से बुधवार को स्थानीय जिला सचिवालय के सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी प्रतीक्षा सांगवान ने की। बैठक में सांगवान ने कहा कि हर पात्र परिवार तक आयुष्मान भारत एवं चिरायु योजना का लाभ शत-प्रतिशत पहुंचाने के लिए लिए जिले में 15 सितंबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान पात्र नागरिकों के चिरायु कार्ड बनवाने के लिए शहरी क्षेत्रों के प्रत्येक वार्ड तथा ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक गांव में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े।

**खेलकूद** दीपिका, अंतिमा, तन्वी, मनीषा व हिमांशी ने मारी बाजी

# बरवाला खंड स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार । बरवाला खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ी अधिकारियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

खेल विभाग हरियाणा की और से बरवाला खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन सरसौद में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया और शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में डीईओ राम रतन मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथियों में बरवाला बीईओ जिले सिंह, एइओ शक्ति आर्य, कुलदीप नैन, सरसौद के सरपंच प्रतिनिध, प्रदीप भ्याण, प्रिंसिपल सुमन राठी, सुनील, परमजीत, आशीष संसेरी, सुग्री, राजेश, रणदीप, राघवनाथ, बदेवी, सुनील, अवनास, नरेंद्र, सुनीता, नीलम मौर तथा कुन्नम उपस्थित रहे।

#### प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम इस प्रकार रहे

आयु वर्ग 14 वर्ष (लड़कियां) की 100 मीटर में प्रथम दीपिका व द्वितीय दृष्टि, 200 मीटर में प्रथम दीपिका व द्वितीय सोनम, 400 मीटर में प्रथम अंतिमा व द्वितीय हिमांशी, 600 मीटर में प्रथम अंतिमा व द्वितीय दीक्षा, लंबी कूद में प्रथम तन्वी व द्वितीय मंजीत, गोला फेंक में प्रथम मनीषा व द्वितीय अंशु, आयु वर्ग 17 वर्ष (लड़कियां ) की 100 मीटर में प्रथम मनीषा व द्वितीय तमन्ना, 200 मीटर में प्रथम इच्छा देवी व द्वितीय मुस्कान प्राप्त किया। इसके अलावा 400 मीटर में प्रथम हिमांशी व द्वितीय स्नेहा, 800 मीटर में प्रथम तमन्ना व द्वितीय खुशी, 1500 मीटर में प्रथम सुनीता व द्वितीय खुशी, 3000 मीटर में प्रथम कियान व द्वितीय मीनाक्षी, लंबी कूद में प्रथम अन्नू व द्वितीय शीतल, त्रिकूद प्रथम में अन्नू व द्वितीय स्नेहा, गोला फेंक में प्रथम कनिका, द्वितीय दीपिका, चक्का फेंक में प्रथम काजल व द्वितीय लक्षिता, आयु वर्ग 19 वर्ष (लड़कियों) की 100 मीटर में प्रथम रितिका व द्वितीय रिया, 200 मीटर में प्रथम मुस्कान व द्वितीय आशु, 400 मीटर में प्रथम महक व द्वितीय सहज, 800 मीटर में प्रथम रामभतेरी व द्वितीय महक, 1500 मीटर प्रथम मीनाक्षी तथा 3000 मीटर प्रथम प्रीति व द्वितीय रिया रही।

### खुले में कचरा फेंकने वालों पर निगम सख्त

**हिसार।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम ने स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है।निरीक्षण अभियान के दौरान एएसआई राहुल सैनी और एएसआई राहुल पंवार ने ऑटो मार्केट में एक दुकानदार को दोबारा खुले में कचरा डालते हुए पकड़ा, जिस पर 10 हजार रुपये का चालान किया गया। इसी क्षेत्र में एक अन्य दुकानदार पर खुले में कचरा फेंकने के कारण 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

शिव नगर में सड़क पर मलबा डालने वाले व्यक्ति पर 1 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। वहीं ऑटो मार्केट में कचरे को सैग्रीगेट नहीं करने वाले तीन दुकानदारों के 500-500 रुपये के चालान काटे गए। हरि नगर में एक दूध डेयरी संचालक को खुले में कचरा डालने पर 5 हजार रुपये का जुर्माना भरना पड़ा। कटला रामलीला मैदान क्षेत्र में मेडिकल स्टोर के कर्मचारी द्वारा कचरा फेंके जाने पर स्टोर मालिक का 500 रुपये का चालान किया गया।

## दिलजीत दोसांझ की फिल्म सतलुज देश में आतंकवाद फैलाएगी: वीरेश शांडिल्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया व ब्राहामण महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने आरोप लगाया कि पंजाबी सिंगर व अभिनेता दिलजीत दोसांझ की सतलुज फिल्म खालिस्तानियों की पंजाब व देश में आतंकवाद फैलाने की साजिश है और सतलुज फिल्म पंजाब मे नहीं देश के हिन्दू सिखों में दरार पाने का काम करेगी इसलिए इस फिल्म को फेसबुक से तुरंत हटाने के गृह मंत्री आदेश दें। वीरेश शांडिल्य बुधवार को सेक्टर 15 में एक होटल में पत्रकारों से बातचीत करते थे। शांडिल्य ने दिल्ली में हुए लाठी चार्ज की निंदा की और कहा कि पूर्व शहीद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पोते व पूर्व शहीद प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बेटे राहुल गांधी की हत्या की साजिश दिल्ली पुलिस ने रची है जिसकी सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा वर्तमान जज से केंद्र सरकार जांच के आदेश दे। इस अवसर पर हरियाणवी संस्कृति को बचाने की मुहिम चलाने वाली नम्रता शांडिल्य, सूर्य नगर के प्रधान सुरेश शर्मा, आजाद नगर सभा के प्रधान अरूण शर्मा, बृजेश पांडे, अनिल सातरोड़िया, रामफल शर्मा पावड़ा, मेहताब शर्मा हांसी, संदीप शर्मा, देव शर्मा आदि मौजूद थे।

### पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से चोरी हुआ तार बरामद

**हांसी।** पुलिस टीम ने सोलर पैनल की तार चोरी के मामले में आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर उसकी निशानदेही पर चोरी की गई सोलर पैनल की तार बरामद की है। चौकी सिसाय पुल में तैनात मुख्य सिपाही उमेद ने बताया कि इस संबंध में शहर थाना हांसी में 8 जुलाई को दर्ज चोरी के एक मामले में कुलाना निवासी साहिल को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद आरोपी को दोबारा न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप

### श्रद्धालु की जेब से 8000 रुपये चुराने में एक काबू

**बरवाला।** पुलिस ने बनभौरी मंदिर में श्रद्धालु की जेब से आठ हजार रुपये चोरी करने के मामले का खुलासा कर आरोपी कप्तान निवासी बनभौरी को गिरफ्तार कर चोरी की पूरी राशि बरामद कर ली है। थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मजीत ने बताया कि इस संबंध में 21 जुलाई को जींद जिले के संडील गांव निवासी सत्यानारायण ने बताया कि वह बनभौरी मंदिर में दर्शन करने आया था। दर्शन के दौरान किसी व्यक्ति ने उसकी जेब से आठ हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने केस दर्ज करके मुख्य सिपाही विजय कुमार को जांच सौंपी। जांच अधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व अन्य गुप्त स्त्रोतों से आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### बाइक चोरी का आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर लिया

**हिसार।** पुलिस चौकी पड़ाव के सहायक उप निरीक्षक जय प्रकाश ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी राजस्थान के भरतपुर जिले के फटकी निवासी अंग्रेज को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार यह मामला शिकायतकर्ता रमेश मल्होत्रा की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसकी हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल उसकी दुकान के बाहर से चोरी हो गई थी। मामले की जांच के दौरान संलिप्त आरोपी अंग्रेज का नाम सामने आने पर उसे प्रोडक्शन वारंट के माध्यम से गिरफ्तार किया गया।

### बहबलपुरः घर में चोरी मामले में एक काबू

**हिसार।** सदर पुलिस ने बहबलपुर गांव में घर से गेहूं, गैस सिलेंडर एवं नकदी चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए गांव के ही एक आरोपी रवि को गिरफ्तार कर चोरी किया गया गेहूं बरामद कर लिया है। सदर थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र गिल ने बताया कि इस संबंध में बहबलपुर निवासी जतिन की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि किसी व्यक्ति ने उसके घर में चोरी कर गेहूं, गैस सिलेंडर एवं नकदी लेकर फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### शहर पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में आरोपी पकड़ा

**हिसार।** शहर थाना के उप निरीक्षक मनमोहन ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में टिब्बा कॉलोनी रतिया के तरुण कुमार को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार इस संबंध में 12 क्वार्टर निवासी हर्ष कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार उसकी मोटरसाइकिल लोहा मंडी रोड स्थित किसान स्टील एंड फर्नीचर के बाहर से चोरी हो गई थी। जांच के दौरान आरोपी की संलिप्तता सामने आने पर उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया। मामले में चोरीशुदा मोटरसाइकिल पहले ही आरोपी से संबंधित अन्य मुकदमे में रतिया पुलिस द्वारा बरामद की जा चुकी है।

### पूर्व मंत्री प्रो. संपत सिंह का सरकार पर हमला, सिंचाई व्यवस्था की पोल खोली

# भाखड़ा-यमुना नहर प्रणाली का तकनीकी सर्वे करे विस समिति

- 1750 से घटकर 1250 क्यूसेक रह गई क्षमता, जताई बड़े पेयजल संकट की आशंका
- नहरों में दरारें और कचरा, खनौरी हेड से गेज भी गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक एवं पूर्व मंत्री प्रो. संपत सिंह ने प्रदेश की चरमराती सिंचाई व्यवस्था पर गहरा रोष प्रकट करते हुए राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रदेश की प्रमुख भाखड़ा और यमुना सिंचाई प्रणालियों के तत्काल व्यापक तकनीकी निरीक्षण की मांग की। उन्होंने विधानसभा की सिंचाई विभाग की स्थायी समिति से आग्रह किया है कि वह मौके पर जाकर इस बदहाली का संज्ञान ले।

**सरकार की लापरवाही से घटी नहरों की क्षमताः** प्रो. संपत सिंह ने आरोप लगाया कि वर्षों से नियमित रखरखाव न होने के कारण प्रदेश की मुख्य नहरों की क्षमता में भारी गिरावट आई है। इसका सीधा असर किसानों की फसलों और आम जनता की पेयजल आपूर्ति पर पड़ रहा है। उन्होंने भाखड़ा-बरवाला लिंक चैनल का उदाहरण देते हुए बताया कि इसकी मूल डिजाइन क्षमता 1750 क्यूसेक थी, जो अब घटकर मात्र 1250 क्यूसेक रह गई है।



नहरों में तैरती मृत जीवों के अवशेष को दिखाते पूर्व मंत्री प्रो. संपत सिंह।

#### ऑन-ग्राउंड इंस्पेक्शन में खुली दावों की पोल

प्रो. संपत सिंह ने खुलासा किया कि हाल ही में 15 जुलाई को उन्होंने एक सेवानिवृत्त सिंचाई अभियंता के साथ भाखड़ा मेन लाइन, बरवाला लिंक चैनल और भाखड़ा नहर का जमीनी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई चौंकाने वाली चीजें सामने आईं। पंजाब क्षेत्र में खनौरी हेड से 9.5 बुर्जी पर नहरों में कई जगह दरारें, झाड़ियां और भारी अवरोध पाए गए। हरियाणा क्षेत्र 9.73 बुर्जी व धनौरी, कालावां और पिपलथा माइनर के साइफनों पर जल प्रवाह पूरी तरह बाधित मिला। नहरों में सैकड़ों मृत जीव और कचरा तैर रहा है, जिससे पानी का बहाव रुका हुआ है। खनौरी हेड पर पानी का बहाव मापने के लिए 'गेज' तक मौजूद नहीं है। ऐसे में हरियाणा को उसके हिस्से का पूरा पानी मिल भी रहा है या नहीं, इस पर बड़ा सवालिया निशान है।

**प्रो. संपत ने दी चेतावनीः** प्रो. संपत सिंह ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने तुरंत ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाले दिनों में हरियाणा को सिंचाई के साथ-साथ अभूतपूर्व पेयजल संकट का सामना करना पड़ेगा। इस अवसर पर इनेलो के प्रदेश महासचिव गौरव संपत सिंह, जिला प्रधान सतपाल काजलां तथा नलवा हलका अध्यक्ष तेलूराम कालीरावणा भी उपस्थित रहे।

#### समझौतों में कटा हरियाणा का हक

पूर्व मंत्री ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि 1954 में यमुना जल समझौते के तहत हरियाणा को दो-तिहाई पानी मिलता था। इसके बाद 12 मई 1994 को हुए नए समझौते में राजस्थान, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश को हिस्सा देने के बाद हरियाणा का हक घटकर मात्र 47 प्रतिशत रह गया। वर्तमान में हरियाणा को न तो भाखड़ा से और न ही यमुना प्रणाली से उसके हिस्से का पूरा अधिकृत पानी मिल पा रहा है। वर्तमान में भाखड़ा प्रणाली से धमतान, सिवानी, बरसोला, सिंसर जैसी कई डिस्ट्रीब्यूटरी व माइनरों को करीब 500 क्यूसेक पानी डाइवर्ट किया जा रहा है। इसके चलते भाखड़ा के टेल क्षेत्र तक पानी नहीं पहुंच पा रहा और किसान बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं।



**हांसी।** ओवरऑल ट्रॉफी विजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित करते आयोजन समिति सदस्य। फोटोः हरिभूमि

## खंड स्तरीय खो-खो में हिंदू स्कूल का दबदबा

- तीनों वर्गों में प्रथम स्थान हासिल कर किया ट्रॉफी पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खिलाड़ियों ने खंड स्तर पर आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों वर्गों में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-19 छात्राओं की टीम के साथ-साथ अंडर-17 और अंडर-19 छात्रों की टीम ने बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन, फुर्ती और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने विजेता खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, टीम भावना और संघर्ष करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खिलाड़ी लगातार विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम जिले और प्रदेश स्तर तक रोशन कर रहे हैं।

वहीं विद्यालय के डीपी एवं खो-खो प्रशिक्षक वीरेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों की सफलता का श्रेय उनके नियमित अभ्यास, कठिन परिश्रम, अनुशासन और जीत के प्रति समर्पण को दिया।

## जनता की समस्याओं का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : कुलदीप



- आदमपुर क्षेत्र में लोगों के सुख-दुख में शामिल हुए कुलदीप बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। वे लगातार क्षेत्रवासियों के संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं और सुझावों से अवगत होते हैं तथा जनहित के प्रत्येक मुद्दे पर सरकार और प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर समाधान का प्रयास करते हैं। कुलदीप बिश्नोई आदमपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर लोगों के सुख-दुख में शिरकत रहे थे। उन्होंने हिसार स्थित अपने आवास पर हिसार लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों, कस्बों और शहरों से आए नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुलदीप बिश्नोई ने लोगों की शिकायतों और मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों से बातचीत की तथा आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## हवा कम होने का झांसा देकर लूटपाट का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** एचटीएम थाना पुलिस ने लूट के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सुंदर नगर निवासी अभिषेक के रूप में हुई है। थाना प्रभारी पीएसआई विकास ने बताया कि उप निरीक्षक बलवंत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में इस वर्ष 15 फरवरी को चौधरीवास निवासी अजय ने एचटीएम थाना में शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार वह अपनी मोटरसाइकिल पर मिल गेट क्षेत्र की ओर जा रहा था। महावीर कॉलोनी के पास स्कूटी सवार तीन युवकों ने स्कूटी के टायर में हवा कम होने का बहाना बनाकर उससे मदद मांगी। जैसे ही शिकायतकर्ता ने एक युवक को मोटरसाइकिल पर बैठाया, उसके अन्य दो साथी भी वहां पहुंच गए और तीनों ने मिलकर शिकायतकर्ता का मोबाइल फोन, पर्स, पांच हजार नकद, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज छीन लिए तथा मौके से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर एचटीएम थाना में केस दर्ज करके जांच करते हुए पहले रोहित एवं मोहित नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। उनके कब्जे से शिकायतकर्ता का मोबाइल फोन, पर्स, पांच हजार नकद, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए जा चुके हैं। मामले की आगे की जांच के दौरान पुलिस ने तीसरे एवं शेष आरोपी अभिषेक को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



**हिसार।** पंजाबी समाज की बैठक में उपस्थित समाज के लोग। फोटोः हरिभूमि

## पंजाबी समाज ने स्वाभिमान की लड़ाई व सामाजिक उत्थान का लिया संकल्प

**हिसार।** पंजाबी धर्मशाला में पंजाबी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। न्यू राजगुरु एवं बिश्नोई मंदिर मार्केट के प्रधान राजेंद्र चुटानी ने बताया कि लगभग दो घंटे चली इस लोकतांत्रिक बैठक में उपस्थित हर व्यक्ति को अपने विचार रखने का अवसर दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए सरकार से ऐसा कानून बनाने की मांग की जाएगी, जिससे पंजाबी समाज को अपमानजनक शब्द कहने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई हो सके। यह भी स्पष्ट किया गया कि यह अभियान किसी वर्ग के विरोध में नहीं, बल्कि केवल पंजाबी स्वाभिमान के लिए है। समाज के प्रतिभावान व जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा और बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने जैसे सामाजिक कार्यों पर भी सहमति बनी। संगठन के पारदर्शी विस्तार के लिए शम्मी नागपाल, सुरेश चावला, सरदार गुलजार सिंह कहालो और गौतम नारंग की 4 सदस्यीय स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया गया है, जो वार्ड स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं का चयन करेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन की सदस्यता पूरी तरह निशुल्क रहेगी।

## मारपीट और रुपये वसूलने का मुख्य आरोपी दबोचा

**हिसार।** सदर पुलिस ने बंधक बनाकर मारपीट करने, रुपये वसूलने, जातिसूचक अपमान करने, जान से मारने की धमकी देने तथा मारपीट की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। सहायक पुलिस अधीक्षक मयंक मुदगिल ने बताया कि गत 12 जुलाई को न्याणा गांव निवासी रवि कुमार ने सदर थाना में शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार उसने अपने साथियों के साथ मिलकर सातरोड़ कैंट स्थित कार रेंटल व्यवसाय संचालित करने वाले धर्मेन्द्र से छह घंटे के लिए दो हजार रुपये किराये पर एक स्कॉर्पियो गाड़ी ली थी। किराये पर ली गई गाड़ी का दुर्घटनावश एक्सीडेंट हो गया। शिकायतकर्ता द्वारा इसकी सूचना आरोपी धर्मेन्द्र को दी गई, जिस पर आरोपी ने गाड़ी को महिंद्रा शोरूम में दिखाने के लिए कहा। शोरूम में जांच के दौरान गाड़ी की मरम्मत पर लगभग 2.10 लाख का खर्च तथा 20-22 दिन का समय लगने की बात बताई गई। शिकायत के अनुसार इसके बाद आरोपी धर्मेन्द्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर साजिश के तहत गाड़ी को अपनी दुकान पर ले गया तथा शिकायतकर्ता एवं उसके साथियों को वहां बंधक बना लिया। आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की, जातिसूचक गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी तथा मारपीट की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। इतना ही नहीं, आरोपियों ने शिकायतकर्ता के साथियों को जबरन बंधक बनाकर उनसे रुपये भी वसूल लिए। शिकायत के आधार पर सदर थाना में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले के मुख्य आरोपी हिसार की आदर्श कॉलोनी निवासी धर्मेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया।

## बास्केटबॉल में होली चाइल्ड स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन



- ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में एक स्वर्ण व दो रजत पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने मय्यड़ में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की विभिन्न आयु वर्ग की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और दो रजत पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में अंडर-14 बास्केटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं अंडर-17 तथा अंडर-19 बास्केटबॉल टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आर. एस. सिंधु ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों को खेलों में उत्कृष्ट अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने इस सफलता का श्रेय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत तथा हैड कोच रामनिवास, कोच नीतू मोर और मीनाक्षी झा के सहयोग को देते हुए विश्वास जताया कि विद्यालय के खिलाड़ी आगामी जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन करेंगे।

## कबड्डी में स्वामी दीप्तानंद कन्या गुरुकुल घिराय की छात्राएं छाईं

- शॉटपुट में भी छात्रा ने किया स्वर्णिम प्रदर्शन

**हिसार।** स्वामी दीप्तानंद कन्या गुरुकुल, घिराय की छात्राओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत के दम पर खेल जगत में शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुकुल, गांव घिराय तथा जिले का नाम गौरवान्वित किया है। गांव उमरा में आयोजित खंड स्तरीय इंटर स्कूल खेल प्रतियोगिताओं में गुरुकुल की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। गुरुकुल की प्राचार्या सुनीता आर्या ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान गुरुकुल की अंडर-14 कबड्डी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सभी मुकाबलों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि कबड्डी के साथ-साथ एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भी गुरुकुल की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर-19 शॉटपुट स्पर्धा में गुरुकुल की छात्रा पारुल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय की उपलब्धियों में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया। कबड्डी की टीम में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाली छात्राओं में प्रिया शर्मा, पल्लवी दनोढ़ा, रीत घिराय, प्रीत घिराय, तनु घिराय, अंशु घिराय, गुरुवाणी पानीपत, तृषा समालखा, महक न्योली कलां, मनप्रीत मिर्जापुर शामिल हैं।

## वार्ड-12 व 13 में सीवर ओवरफ्लो से परेशानी, एक्सईएन ने लिया जायजा

- लोगों ने 18 इंची नई लाइन बिछाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

शहर के वार्ड नंबर-12 व 13 स्थित कर्ण कुंज एवं बरवाला रोड क्षेत्र में लंबे समय से बनी सीवरेज ओवरफ्लो और जलभराव की समस्या के समाधान को लेकर बुधवार को जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव त्यागी ने क्षेत्र का दौरा कर हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने उन्हें समस्याओं से अवगत कराते हुए स्थायी समाधान की मांग की। क्षेत्रवासियों ने राधेश्याम मंदिर से बरवाला रोड़ तक जाने वाली मुख्य सीवरेज लाइन को 18 इंच क्षमता की नई पाइपलाइन से बदले जाने की मांग की, ताकि बार-बार सीवरेज ओवरफ्लो होने और जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। निरीक्षण के दौरान नागरिकों ने बताया कि बरसात के मौसम में क्षेत्र में काफी जलभराव हो जाता है। यह सड़क स्कूल बसों, निजी वाहनों और आम लोगों के आवागमन का प्रमुख मार्ग है।



**हांसी।** वार्ड नंबर 13 में सीवरेज व जलभराव की समस्या का आकलन करते जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव त्यागी व अन्य अधिकारी। फोटोः हरिभूमि

जलभराव के कारण यहां गिरकर कई लोग चोटिल हो चुके हैं और वाहनों को भी नुकसान उठाना पड़ा है। वार्ड नंबर-12 और 13 के निवासियों ने बताया कि सीवरेज लाइन अक्सर ओवरफ्लो रहने के कारण गंदा पानी घरों तक पहुंच जाता है। कई बार दूषित पानी पेयजल आपूर्ति में भी मिल जाता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। निरीक्षण के दौरान संजीव त्यागी ने विभाग के अधिकारियों को मौके का तकनीकी आकलन कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा क्षेत्रवासियों को समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जनस्वास्थ्य विभाग के जेई योगेश धमीजा, वार्ड पार्षद दीपक मुंजाल, नगर परिषद के मनोनीत पार्षद एवं पूर्व पार्षद रमेश मदान, तिलक राज वाधवा, संदीप कुमार, गौरव, अजय मुंजाल, सुभाष, श्याम सहित वार्ड -12 एवं 13 के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

## साइबर पुलिस ने ठगी के शिकार को वापस दिलवाए 1.44 लाख रुपये

**हिसार।** साइबर थाना पुलिस लगातार पीड़ितों को राहत दिलाने का कार्य कर रहा है। इसी क्रम में साइबर थाना हिसार ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक शिकायतकर्ता को एक लाख 44 हजार 860 रुपये की ठगी गई राशि वापस दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस संबंध में प्राप्त एक शिकायत की जांच सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार ने की। एएसआई अनील कुमार के निरंतर प्रयासों और प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप शिकायतकर्ता के एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड खाते में एक लाख 44 हजार 860 की पूरी विवादित राशि रिफंड हो गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005



### शाहपुर की विजेता छात्राओं का किया स्वागत

**हिसार।** जिले के गांव धीरणवास के विकास डिफेंस स्कूल में चल रही खंड स्तरीय प्रतियोगिता में राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल शाहपुर की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर 19 आयु वर्ग में खो-खो प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता की 100 मीटर दौड़ तथा लम्बी कूद में स्कूल की आशा सेन अव्वल रही जबकि भावना नोखवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी आयुवर्ग में 400 मीटर दौड़ में आशा नोखवाल आगे रही वहीं ईशु सेन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 आयुवर्ग की लम्बी कूद प्रतियोगिता में प्राची वर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 आयुवर्ग की 100 मीटर दौड़ में शुभम सेन आगे रही वहीं ललिता सेन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में शुभम सेन द्वितीय रही वहीं पारूल सेन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग में लम्बी कूद में प्रतिज्ञा सेन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल पहुंचने पर छात्राओं का प्राचार्या डॉ. आदर्श चौधरी तथा सरपंच रितु वर्मा ने स्वागत किया।

## छात्राओं ने अपने अभिनय से छोड़ी छाप

- राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गंगवा में नाट्य कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गंगवा में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, चंडीगढ़ के विशेष सहयोग से आयोजित 20 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया। यह कार्यशाला 3 जुलाई को शुरू हुई थी। कार्यशाला के अंतिम दिन छात्राओं ने अपनी 20 दिनों की कड़ी मेहनत और सीखे गए अभिनय कौशल को रंगमंच पर जीवंत किया। कार्यशाला के दौरान छात्राओं को प्रसिद्ध व्यक्तित्व 'डॉ. मैरी वर्गीज' के जीवन पर आधारित नाटक का अभ्यास कराया गया और मंचन किया गया। नाटक में दर्शाया गया कि कैसे एक भयानक सडक़ दुर्घटना में अपनी दोनों टांगें गंवाने के बाद भी डॉ. मैरी वर्गीज ने हार नहीं मानी। उन्होंने अदम्य साहस का परिचय देते हुए न केवल शारीरिक पुनर्वास के क्षेत्र में ऐतिहासिक सफलताएं हासिल कीं बल्कि भारत के पहले इन-पेशेंट फिजिकल रिहैबिलिटेशन इंस्टीट्यूट की स्थापना भी की। इस नाट्य कार्यशाला का कुशल निर्देशन सतीश चंद्र द्वारा किया गया जबकि रोहित ने सहायक निर्देशक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नाटक में संगीत का बेहतरीन कार्य सौरभ द्वारा प्रस्तुत किया गया।




**हिसार।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नाटक का मंचन करतीं स्कूल की छात्राएं। फोटोः हरिभूमि